हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, कोनिफर कैंपस, पंथाघाटी, शिमला (हिमाचल प्रदेश)-171013

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त
आयोजन दिवस-शुक्रवार दिनांक 08.12.2020, (अपराह्न 03.00 बजे)

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप दिनांक 08 दिसंबर, 2020 को संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई :-

कार्यसूची/ऐजेंडा

1. पिछली तिमाही में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करना ।
2. विगत तिमाही अर्थात 1 जुलाई,20 से 30 सितंबर, 2020 के दौरान किए गए राजभाषा कार्यों की समीक्षा करना/ तिमाही रिपोर्ट का मूल्यांकन करना ।
3. संस्थान के भावी राजभाषा कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श करना ।
4. राजभाषा विभाग, भारत सरकार व भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करना ।
5. दिनांक 23-11-2020 को 'हिंदी भाषा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलू' विषय पर आयोजित वेबिनार की समीक्षा करना एवं भविष्य में इस प्रकार के अन्य कार्यक्रमों हेतु रणनीति तैयार करना ।

सभा के आंरभ में सहायक निदेशक, राजभाषा (प्रभारी) द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष पिछली तिमाही अर्थात 01 जुलाई, 2020 से 30 सितबंर, 2020 तक समाप्त तिमाही के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उनके कार्यान्वयन के संबंध में एक संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । तदुपरांत, अधिकारी द्वारा विगत तिमाही के दौरान हिंदी भाषा के क्षेत्र में संस्थान द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों जैसे- 'क' क्षेत्र में 98 प्रतिशत से अधिक का पत्राचार, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में लगभग 100 प्रतिशत की सतत वृद्धि आदि का वर्णन किया गया। सहायक निदेशक, राजभाषा (प्रभारी) द्वारा अपने संबोधन में हिंदी भाषा के 'क' क्षेत्र में 100 प्रतिशत पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया ।

सभा के अगले अध्याय में सभापति महोदय डॉ एस.एस. सांमत, निदेशक हि.व.अं.स द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया । तत्पश्चात, उनके समुचित निर्देशन में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की गहन चर्चा प्रारंभ हुई, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा कार्यवृत्त में वर्णित विभिन्न पहलुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई एवं निम्नलिखित वक्तव्य पटल पर प्रस्तुत किए गए :-

1. राजभाषा के आधिकारिक प्रयोग के प्रसंग में 'टिप्पण एवं प्रारूप लेखन के महत्वपूर्ण पहलू' विषय पर आयोजित वेबिनार की सराहना की गई एवं भविष्य में इस परंपरा के अन्य कार्यक्रमों को भी आयोजित करवाने का परामर्श दिया गया।
2. राजभाषा की विगत तिमाही में पत्राचार की वर्तमान स्थिति यद्यपि संतोषजनक है तथापि इसमें धारा 03(03) के अंतर्गत आने वाले विभिन्न दस्तावेज जैसे संविदा/प्रैस विज्ञप्तियां आदि के द्विभाषीकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है । भविष्य में धारा 03(03) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेजों का दिभाषीकरण सुनिश्चित किया जाएगा । इस संबंध में हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा एक कार्यालयादेश जारी किया जा सकता है ।

3. 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त होने वाली तिमाही की राजभाषा रिपोर्ट यथासमय प्रस्तुत की जाए।
4. इस बैठक में, कार्यक्रम की मूल कार्यसूची के अतिरिक्त दिनांक 10.11.20 को होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं राजभाषा अन्वेषण/इंस्पैक्शन पर भी चर्चा की गई ।

अंत में, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का समापन सहायक निदेशक राजभाषा (प्रभारी) के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ जिसमें उन्होंने विशेष रूप से माननीय निदेशक महोदय एवं राजभाषा समिति के अन्य सदस्यों का उनके अभूतपूर्व सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी हेतु कृतज्ञता प्रकट की ।

सहायक निदेशक राजभाषा (प्रभारी)
हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
शिमला–171013

यथा अनुमोदित

06/12/2020

निदेशक
हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
शिमला–171013

Director
निदेशक
Himalayan Forest Research Institute
हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
Shimla - 171009
शिमला - 171009